तापमान
अधिकतम 35 डिग्री
न्यूनतम 20 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार, 24 मार्च 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

13 चैत्र नवरात्रि महोत्सव में होगा अष्टभुजी शक्तिपीठ दुर्गा मंदिर में कई...



14 उल्लास : महापरीक्षा में कुरुद ब्लाक के 4861 नवसाक्षरों ने लिया भाग



मो. 87700-12645, 94076-26176
आपकी अपनी विश्वसनीय दुकान
नगद खरीदें - सस्ता खरीदें
यूनिक इलेक्ट्रॉनिक्स & फर्नीचर




हीरो शोरूम के सामने, चम्पारण चौक, नवापारा (राजिम)
क्वालिटी में कोई समझौता नहीं
सभी सामान एक छत के नीचे
एक ही छत के नीचे इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर सामान थोक रेट में उपलब्ध
दाम भी बजट के अनुरूप
घर पहुंच सेवा
T&C*

## खबर संक्षेप

### पुरी में मां कर्मा जयंती 25 को




**पुरी।** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम पुरी में ग्रामीण साहू समाज द्वारा मां कर्मा जयंती 25 मार्च मंगलवार को ग्राम पुरी के बाजार चौक में मनाई जाएगी। कलश यात्रा दोपहर 2 बजे निकाली जाएगी। अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन संध्या 5 बजे होगा।

### कोसरिया पटेल समाज का होली मिलन आज

**नगरी।** कोसरिया मरार पटेल समाज का होली मिलन 24 मार्च को होगा। होली की उमंग के बीच संगठन किए गए सामाजिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला जाएगा। बैठक में 36 गांव के सामाजजन शामिल होंगे। कार्यक्रम में 36 गांव, 9 ग्रामीण क्षेत्र कोसरिया मरार समाज समस्त पदाधिकारी, क्षेत्रीय संगठन, महिला संगठन, युवा संगठन एवं सदस्यों को समाजिक भवन सिहावा में होली मिलन के लिए आमंत्रित किया गया है। बैठक में मुख्य रूप से कोसरिया मरार पटेल समाज प्रदेश संरक्षक अमरसिंह पटेल, लतखोर पटेल, खुटैत नारायण पटेल, सिहावा राज अध्यक्ष कन्हैयालाल कौशल, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सिहावा राज सियाशरण पटेल उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी कोसरिया मरार पटेल समाज मिडिया प्रभारी राजू पटेल ने दी।

### दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति ने चलाया सदस्यता अभियान

**धमतरी।** दिव्यांग प्रेरणा जन कल्याण समिति जिला धमतरी एवं जरही माता सांकरा के बुजुर्गों ने एक बैठक आयोजित वर्ष भर के आय व्यय 2024-25 की कार्ययोजना तैयार की। नये सदस्य बनाने पर जोर दिया गया। विश्व जल दिवस के अवसर पर जल बचाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में संतोषी विश्नोई, बसंत कुमार विश्नोई, रोहित साहू, नीलकंठ, डेरहाराम, सोमनलाल, सुलोचना, सुलेखा, शिवचरण तथा पुराणिक साहू उपस्थित रहे। बैठक में दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ने की योजना पर चर्चा की गई।

### पुलिस ने एक दिन में किया लूट का खुलासा, 6 आरोपियों में एक नाबालिग भी था शामिल

# पुराने और नए ड्रायवर ने लूटे मालिक के बीस लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर से 6 किमी दूर ग्राम पोटियाडीह में दिनदहाड़े 20 लाख रुपए लूट का सनसनीखेज मामले का धमतरी पुलिस ने खुलासा कर दिया है। चंद घंटे में पुलिस ने एक नाबालिग सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 309/6 बीएनएस कायम जांच शुरू कर दी है।

रविवार शाम 6.30 बजे कोतवाली के पास जनसंवाद कक्ष में एसपी आंजनेय वार्ष्णेय ने प्रेस कांफ्रेस कर पोटियाडीह में हुए लूट के मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि प्रार्थी पुरुषोत्तम साहू निवासी लखौली दुर्गा चौक राजनांदगांव अपने सेठ सागर गांधी राजनांदगांव के घर से 20 लाख रूपए लेकर धमतरी निवासी निर्मल जैन के यहां छोड़ने अपने सेठ की मारूति सैलिरियो क्र. सीजी 08 एयू 4942 से ड्रायवर राजेश साहू एवं परिचित मोहित साहू के साथ धमतरी के लिए निकले थे। दोपहर 1.30 बजे ग्राम पोटियाडीह कबीर आश्रम के पास एक स्कार्पियों वाहन तेजगति से कार को ठोकर मारी। ठोकर से अनियंत्रित कार बिजली खंभा से



टकराकर रूक गई। स्कार्पियों में बैठे तीन लोगों ने चेहरे पर स्कार्फ बांधकर बंदूकनुमा हथियार दिखाकर धमकाया। कार के अंदर बैठे लोगों से मारपीट कर वहां रखे बैग को छीन लिया। इस बैग में 20 लाख रुपए थे। प्रार्थी की शिकायत पर थाना अर्जुनी में अपराध दर्ज किया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन को अलर्ट किया गया। मौके पर स्वयं एसपी पहुंचे और आरोपियों के पतासाजी का निर्देश दिए। पुलिस ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फूटेज से संदिग्ध स्कार्पियों का पता लगाया। मुखबीर की सूचना पर आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी नेमचंद बघेल से बारिकी से पूछताछ की। पुलिस को उसने बताया कि वह 4 साल पहले वह सागर गांधी के यहां ड्रायवरी का काम करता था, वहां से काम छोड़ने के बाद दूसरे के यहां ड्रायवरी करता था। सागर के ड्रायवर राजेश साहू के साथ मिलकर उन्होंने 3 माह पहले लूट का प्लान बनाया। योजना में गांव के दो अन्य लोगों को शामिल किया। 21 मार्च को राजेश ने सूचना दी की सागर गांधी का पैसा लेकर धमतरी जाना है। प्लान के अनुसार पोटियाडीह के पहले कार ड्रायवर साइड को ठोकर मारने से वह खंबे में टकराकर रूक गया। चेहरे पर स्कार्प बांधकर जैक रॉड से कार का सीसा तोड़ा। एयरगन से डरा धमकाकर 20 लाख रूपए से भरा बैग लेकर फरार हो गए।

### भागने के फिराक में थे आरोपी

इस घटना को प्रदीप बंदे पिता प्रीतमदास बंदे उम्र 22 वर्ष, ज्ञानचंद बंदे पिता नरेंद्र बंदे 28 साल, नेमचंद बघेल पिता दाऊलाल बघेल 30 साल तीनों निवासी नाथू नवागांव डोगरगांव राजनांदगांव, राजेश साहू पिता टीकम साहू 30 साल निवासी बुद्ध भरदा थाना लालबाग जिला राजनांदगांव, कृष्णा भारती पिता मंगलदास भारती 36 साल निवासी लिटिया थाना लालबाग राजनांदगांव सहित एक नाबालिगों ने इस घटना को अंजाम दिया था। घटना में प्रयुक्त स्कार्पियों वाहन का ड्रायवर आरोपियों को नाथू नवागांव ढाबा के पीछे खेत में छोड़कर स्कार्पियों को वाहन मालिक के पास छोड़ने जा रहा था तभी धमतरी पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। ड्रायवर की निशानदेही पर अन्य आरोपियों को भी घेराबंदी कर पकड़ा गया। इस दौरान वे स्वीफ्ट डिजायर से भागने के फिराक में थे।

### 20 लाख रुपए सहित स्कार्पियो व स्वीफ्ट डिजायर जब्त

19,85,000 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त स्कार्पियो वाहन क्र. सीजी 08 एएन 1716, स्वीफ्ट डिजायर क्र. सीजी 08 एक्यू 7420, एयरगन कुल जुमला 33,87,000 रूपए को जप्त कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड में भेजा गया है। नाबालिगों को किशोर न्यायालय बोर्ड के समक्ष पेश किया जाएगा।

### इतवारी बाजार अपडेट
**टमाटर 5 रुपए किलो, पत्तागोभी, नवलगोल, लौकी 10 में बिका**

# सब्जियों के दाम गिरने से किचन का बजट हुआ कम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शादी सीजन होने के बाद भी मार्च माह में हरी सब्जियों के दाम कम है। रेट गिरने से जहां उपभोक्ता खुश हैं, वहीं सब्जी व्यवसायी भी अच्छी ग्राहकी देखकर प्रसन्न हैं। अमूमन फरवरी मार्च में हरी सब्जियों के दाम कम हो जाते हैं लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। शहर के बाजारों में सब्जियां 5 से 10 रुपए किलो बिक रही हैं। वहीं सीजनेबल सब्जियों के दाम 20 से 30 रुपए है। टमाटर की अधिक आवक के कारण रेट औंधे मुंह गिर गया है। पिछले दो माह से टमाटर चिल्हर बाजार में 5 से 7 रूपए किलो बिक रहा है। उपभोक्ता भी थैला भरकर सब्जियां खरीदने मशगुल हैं और तीनों टाइम हरी सब्जियों का मजा ले रहे हैं।

शहर के इतवारी बाजार में शाम चार बजे ग्राहको की काफी भीड़ नजर आई। गृहणियों ने सब्जियों के रेट कम होने से दिल खोलकर खरीददारी की। सब्जी व्यवसायी संत पटेल, दीनदयाल पटेल ने बताया कि रविवार को टमाटर 5 से 7 रुपए किलो बिका। पत्तागोभी, नवलगोल, लौकी 10 रुपए किलो रहा। भटा, भिंडी, कुम्हड़ा, मूली, सेमी 20 रुपए किलो रहा। गाजर, कुंदरू, बरबट्टी, केला, डोड़का, तोरई 30 रुपए रूपए किलो रहा। ग्वारफल्ली, मुनगा, अदरक, कोचई, ढेंस, परवल, कटहल, मेथी भाजी 60 रुपए किलो बिका। हरा धनिया 50 रुपए किलो रहा।



### आलू 25, प्याज 30 में

हरी सब्जियों के पीछे पीछे किराना सामानों के दाम इस सप्ताह स्थिर हैं। किसी भी सामान के दाम न बढ़े हैं न कम हुए हैं। त्यौहारी, शादी सीजन के चलते किराना सामान का उठाव काफी बढ़ गया है। खपत ज्यादा होने के बाद भी दाम स्थिर हैं जो उपभोक्ताओं को संतुष्ट कर रहा है। किराना व्यापारी देवकुमार रामजी ने बताया कि रविवार को आलू 25, प्याज 30, शक्कर 45, गुड़ 48, हल्दी खड़ी 150-200, मिर्च खड़ी 200-300, धनिया 100, जीरा 280, कालीमिर्च 780, लहसून 100, रिफाइंड तेल 130, सरसों खड़ी 80, मेथी 85, राहरदाल बेस्ट 100-120, मूंगदाल 110, उड़ददाल 110, मसूर दाल 85, चनादेशी 80, काबूली चना 100-120, मटर सफेद 60, मटर हरा 100, चनादाल 90, पोहा 50 रूपए किलो तथा अंडा इस सप्ताह 65 रुपए दर्जन रहा।

### श्री सांई, राम जन्मोत्सव 30 से

**धमतरी।** छोटा शिरडी धाम कुकरेल में श्रीसांई सेवा एवं विकास समिति द्वारा चैत्र नवरात्रि हिन्दू नववर्ष पर 30 मार्च से 6 अप्रैल तक श्री सांई, राम जन्मोत्सव रामनवमी का कार्यक्रम रखा गया है। समिति के डा.संजय तिवारी, सुलेखा तिवारी ने बताया कि 30 मार्च को नवरात्र प्रारंभ पर सांई मनोकामना, सार्वजनिक नंदादीप प्रज्जवलित, सर्वदेवी देवता, पूजा पाठ, आह्वान, सांई चरित्र, दुर्गापाठ, भोग प्रसाद आरती होगी। 2 अप्रैल को नवरात्र महापंचमी, माता श्रृंगार चढ़ावा, पूजा शाम 6 बजे होगी। 6 अप्रैल को रामनवमी पर सर्व देवी देवता पूजन, कन्याभोज, भजन संध्या, सांईराम पालकी, ग्राम भ्रमण, हवन पूजन पूर्णाहूति, सांई प्रसादी, रामायण पाठ होगा। इसके अलावा प्रतिदिन सांई पूजन आरती, सांई चरित्र, दुर्गा पाठ, हनुमान चालीसा, रामायण पाठ होगा। श्री तिवारी ने भक्तजनों से आग्रह किया है कि कार्यक्रम में परिवार सहित उपस्थित होंवे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष सार्वजनिक नंदादीप/घृत ज्योति कलश के लिए 1500 रुपए पंजीयन शुल्क समिति के द्वारा रखा गया है। इच्छुक भक्तजन मंदिर कार्यालय में उपस्थित होकर स्थान सुरक्षित करवा सकते हैं।

# तीन का कैंसर परीक्षण, 100 लोगों में मिला बीपी-शुगर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- नि:शुल्क दंत शिविर में 300 मरीज लाभान्वित हुए

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन एवं अग्रवाल समाज द्वारा रविवार को स्थानीय अग्रसेन भवन में निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर एवं स्वास्थ्य जांच का आयोजन किया गया। शिविर में 300 मरीजों का इलाज हुआ।

शिविर में डॉ. सौरभ भंडारी बिलासपुर, डॉ. श्रुति भटनागर बिलासपुर, डॉ. अमित उपाध्याय, डॉ. शीशम वार्म, डॉ. वर्षा उपाध्याय, डॉ. रविन्द्र सोनी, डॉ. तरूण भटनागर, डॉ. संदीप, डॉ. दरंग सोनी, डॉ. कृष्णा सोनी, डॉ. राहुल जैन, डॉ. भूमिका जैन, डॉ. अभिषेक अग्रवाल, डॉ. प्रजापति, डॉ. जितेन्द्र श्राफ आदि ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में विशेष अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में निःशुल्क शिविर को सराहनीय कदम बताया। एसपी श्री वार्ष्णेय ने कहा कि शिविर के माध्यम से आम जनता को मेडिकल सेवाएं निःशुल्क मिल जाती हैं। जिससे वे अपना इलाज अच्छे से करा सकें। शिविर में डॉक्टरों की टीम ने तीन लोगों का कैंसर परीक्षण किया। 100 लोगों में हाई ब्लडप्रेशर और शुगर पाया गया। सभी मरीजों का मुख और दांत का निःशुल्क परीक्षण कर इलाज किया गया। शिविर सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक चली।






इस अवसर पर अनिता अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, दयाराम अग्रवाल, पवन अग्रवाल, रमेश लाट, शरद अग्रवाल, बिहारीलाल अग्रवाल, मुरलीधर अग्रवाल, सलज अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, अमित अग्रवाल, नवनीत अग्रवाल, विनय अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, अनिता अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, ललिता अग्रवाल, ममता अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, कविता अग्रवाल आदि मौजूद थे।


### बांध के बीच स्थित टापू को विकसित करने की उठी मांग

# गंगरेल पर्यटन में विकास की रफ्तार थमी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रदेश के नामचीन पर्यटन स्थल में एक गंगरेल में टूरिज्म विकास की अपार संभावनाएं हैं। जिले में जब-जब कलेक्टर आसीन होते हैं तब-तब नये जिलाधीश अपने-अपने ढंग से गंगरेल का सर्वे कराकर इसके समुचित विकास का खाका तैयार कराते हैं। हाल यह है कि कई कलेक्टर बदल गए लेकिन गंगरेल पर्यटन अपने सीमित सुविधाओं के साथ ढर्रे पर ही चल रहा है।

गंगरेल छत्तीसगढ़ का सबसे लंबा डैम है। इसकी लंबाई 1830 मीटर है। यह लोकप्रिय पर्यटन स्थल है। बांध का दृश्य और आसपास के प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने विभिन्न प्रदेशों से सैलानी पहुंचते हैं।



सालों पहले गंगरेल पर्यटन को वाटर स्पोर्ट्स, बरदिहा लेक व्यू रिसोर्ट, मोटल, हर्बल मानव वन, एडवेंचर, गार्डन की सुविधा मिली। गंगरेल का वाटर स्पोर्ट्स मिनी गोवा के नाम से प्रसिद्ध भी हुआ। विभिन्न जिलों सहित अन्य प्रदेश के पर्यटकों का गंगरेल के प्रति आकर्षण बढ़ा। लगभग 7 साल से गंगरेल पर्यटन में कुछ नया नहीं हो पाने से साल में कई बार आने वाले पर्यटकों में निराशा है। लोगों को उम्मीद है कि इस बार जिला को युवा कलेक्टर मिला है। गंगरेल पर्यटन की दशा-दिशा बदल सकती है।

रविवार को बलौदाबाजार जिले से सहपरिवार गंगरेल पहुंचे सुमीत जैन, अमित जैन कहते हैं कि साल में दो बार गंगरेल पर्यटन के लिए जरूर पहुंचते हैं। बांध का नजारा और प्राकृतिक सौंदर्य उन्हें यहां खींच लाता है लेकिन पिछले कई सालों से पर्यटन का विकास थमा हुआ है। गंगरेल में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि सालों से सुनते ⏩ शेष पेज 12 पर

### धार्मिक पर्यटन रहा गुलजार



आदिशक्ति मां अंगारमोती के दरबार में रविवार को श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा है। नवरात्र के ठीक पहले करीब 100 से अधिक परिवारों ने माता को मन्नत दी। नवरात्र पर्व पर विशेष मन्नत देने पर प्रतिबंध रहेगा। पुजारी ईश्वर नेताम ने बताया कि ज्योति पंजीयन के लिए बुकिंग शुरू हो गई है। तेल ज्योति का 1200 तथा घृत ज्योति का 1500 रूपये शुल्क रखा गया है।

# बाइक में शराब का परिवहन, पकड़े गए कोचिए

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

पुलिस थाना कुरूद ने अवैध शराब बिक्री हेतु परिवहन कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों से कुल 60 पौवा देशी मसाला शराब कीमती 6600 रूपये, बिक्री रकम 2600 रूपये एवं हीरो स्प्लेण्डर कीमती 15,000 रूपये, कुल 24,200 रूपये जब्त किया गया है।आरोपियों के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है।

कुरूद पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की दो व्यक्ति एक हीरो स्प्लेण्डर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 ई 5016 में सफेद लाल रंग के चैन वाले थैले में अवैध रूप से शराब रखकर ग्राम नारी छोटी नहर पुल की ओर जा रहे हैं। तत्काल एक्शन लेते हुए पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। एक आरोपी खिलेश्वर यादव उर्फ गोल्डी पिता कमलेश यादव उम्र 26 वर्ष साकिन राम मंदिर के पास बैगापारा कुरूद है। दूसरा पुरूषोत्तम साहू पिता श्रीराम साहू उम्र 38 वर्ष साकिन नारी है। आरोपियों ने मोटर सायकल के सीट के बीच में सफेद लाल रंग के चैन वाले थैले में 48 पौवा देशी मसाला एवं डिक्की में 12 पौवा देशी कुल 60 पौवा शराब रखा था। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



हरिभूमि
पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### सामाजिक भवन का लोकार्पण एवं कर्मा जयंती 25 मार्च को

पुरूर(धमतरी)। झिरिया ग्रामीण साहू समाज ग्राम चिटौद द्वारा सामाजिक भवन का लोकार्पण एवं कर्मा जयंती उत्सव का आयोजन 25 मार्च को रखा गया है। इस अवसर पर मां कर्मा की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा भी की जायेगी। मुख्य अतिथि विधायक संगीता सिन्हा होंगी। अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष महेन्द्र कुमार साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि आरडी साहू, प्रमिला साहू, मिथलेश साहू, पीताम्बर साहू, तुलाराम साहू, तीरथ यादव सरपंच, सुरेन्द्र तिवारी, रमेश प्रसाद जोगी, कुमारी साहू, शादिक अली, केशव पटेल होंगे। शुभारंभ सुबह 10 बजे कलशयात्रा से होगी। 12 बजे मां कर्मा की प्राण-प्रतिष्ठा एवं पूजा आरती होगी। दोपहर 2 बजे सामाजिक भवन का लोकार्पण होगा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### गंगरेल पर्यटन में विकास की रफ्तार ...

आ रहे हैं कि बांध के बीच स्थित टापू को विकसित किया जाएगा। वहां ठहरने, खाने सहित तमाम सुविधा होगी। बोट से टापू पर जाने का पैकेज रहेगा लेकिन बांध का टापू कब विकसित होगा, यह भगवान जाने।

पाटन से गंगरेल स्थित हर्बल मानव वन में पिकनिक पर पहुंचे राजपूत परिवार ने बताया कि मानव वन में पिकनिक के लिए लारियां बनाई गई हैं। खाना बनाने आदि सुविधा के लिए चार्ज लिया जाता है लेकिन लारी में छाया के लिए लगाए गए नेट जगह-जगह से फटी हुई है। बारिश के दौरान सुरक्षित रहने की व्यवस्था नहीं है। उनका कहना है कि लकड़ी के बने लारियों में चादर या शेड लगाकर सुविधाएं देना चाहिए।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरुष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

### बहीगांव के किसान सम्मेलन में 1500 किसानों ने अपने अनुभव साझा किए

# किसानों ने खेती के साथ पशुपालन, मछली पालन से जुड़कर आय के स्रोतों में विविधता लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम बहीगांव में एचडीएफसी बैंक परिवर्तन प्रोजेक्ट के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में किसान सम्मेलन एवं समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 1500 किसानों ने भाग लेकर अपने अनुभवों को साझा किया। अतिथियों ने कहा कि इस पहल से जुड़कर किसानों ने अपनी आजीविका में उल्लेखनीय सुधार किया है। किसानों ने खेतीबाड़ी के साथ-साथ पशुपालन, मछली पालन, मशरूम उत्पादन और अन्य गतिविधियों को अपनाकर अपनी आय के स्त्रोतों में विविधता लाई है।





समारोह में प्रीति दुर्गम एसडीएम जनपद नगरी, करुणा सागर पटेल जनपद सीईओ, एचडीएफसी बैंक बिजनेस हेड अभय कुमार, एचडीएफसी बैंक परिवर्तन सीएसआर मैनेजर प्रशांत बर्मन जी ने अपने अनुभव साझा करते हुए गांव स्तर पर हुए विकास और अभिसरण की सराहना की। आयोजन में सहयोगी संस्था प्रदान से मनोज कुमार, मसरूर अहमद, जेम्स तिग्गा, अरुणा मिंज, शिवम झा, अजित गौतम, रुपेश कुंडू, दीपक कुराल, रस्मीन कुमार राज की भी भूमिका रही।



कार्यक्रम में 50 गांवों के किसानों को उन्नत सब्जी उत्पादन, दलहन-तिलहन खेती, मशरूम, पशुपालन एवं अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। अतिथियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और बहीगांव की महिला किसान एवं अन्य गांवों से आए किसानों ने खेतों में क्षेत्र भ्रमण किया जहां उन्होंने सब्जी नर्सरी शेड, सब्जी खेती, पशुपालन, मशरुम, मछली पालन, पंपसेट और ड्रिप, स्प्रिंकलर सिंचाई, सोलर लिफ्ट सिंचाई तथा किसान टूल बैंक के माध्यम से उन्नत विधि से कृषि और सब्जी खेती के विस्तृत परिणामों पर चर्चा की।

कार्यक्रम में आईएनआरएम, एकीकृत आजीविका मॉडल, सब्जी खेती मॉडल, मशरूम मॉडल, उद्यमियों द्वारा प्राकृतिक खेती और पशुओं का घरेलू उपचार, ड्रिप, स्प्रिंकलर टपक सिंचाई के मॉडल रखे गए थे। शिवम झा ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में जिला पंचायत, जनपद पंचायत , राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान), एचडीएफसी बैंक परिवर्तन और प्रदान संस्था के माध्यम से नगरी विकासखंड के 50 ग्रामों के 6000 से अधिक किसानों का आजीविका संवर्धन कार्य किया जा रहा है। इस पहल में एचडीएफसी बैंक परिवर्तन द्वारा कृषि, सिंचाई, उद्यमिता और सोलर लाइट हेतु लक्षित परिवारों को प्रत्यक्ष वित्तीय सहयोग प्रदान किया गया है। कार्यक्रम में जैविक खेती पर विशेष जोर दिया गया। किसानों ने बिना रासायनिक खाद और कीटनाशक के फसल उगाने, स्थानीय स्तर पर खाद और कीटनाशक बनाने तथा सब्जियों को बाजार में बेचने जैसी जैविक विधियों को अपनाया। कृषि उत्पादक संगठन बनाकर कृषि उत्पादों को किसानों से लेकर बाजार (मंडी) तक बेचने की व्यवस्था की जा रही है। तीन वर्षों के दौरान एचडीएफसी बैंक परिवर्तन की मदद से कृषि में पंप, शेडनेट घर और नाडेप, पशुपालन में मुर्गी और मुर्गी घर बनाने के सामान, मछली पालन में बीज सामग्री, मशरूम खेती में बीज, ड्रम और प्रशिक्षण आदि सहयोग मिला, जिसकी सराहना महिला किसानों ने की। किसान सम्मेलन एवं समापन समारोह ने किसानों को न केवल अपने अनुभव साझा करने का अवसर प्रदान किया, बल्कि उन्हें उन्नत कृषि तकनीकों और आधुनिक उपकरणों से अवगत कराकर उनकी उत्पादकता और आजीविका में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# कुरुद ब्लाक में अब तक 18 नेत्रदान

### जागरूकता लाने ग्राम पंचायतों को भेजा जा रहा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

जिले में अब तक 50 नेत्रदान हुए हैं, जिसमें से अकेले कुरुद ब्लॉक में ही 18 लोगों ने नेत्रदान किया है। लोगों को नेत्रदान करने के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों को इसके लिए पत्र भी भेजा गया है।

राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के तहत कलेक्टर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के दिशा निर्देश में जिला नोडल अधिकारी (अंधत्व) डॉ राजेश सूर्यवंशी एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. यूएस नवरत्न के मार्गदर्शन में नेत्रदान को बढ़ावा देने व जन जागरूकता लाने ब्लॉक नोडल अधिकारी (अंधत्व) सिविल अस्पताल कुरुद डॉ. क्षितिज साहू व ब्लॉक नेत्रदान अधिकारी डॉ. लोमेश कुर्रे ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुरुद से सौजन्य भेंटकर नेत्रदान जन जागरूकता एवं प्रचार प्रसार लाने हेतु समस्त ग्राम पंचायतों में प्रचार प्रसार करने के लिए नेत्रदान पत्र प्रेषित किया।



विकासखंड नोडल अधिकारी (अंधत्व) डॉ. क्षितिज साहू ने बताया कि नेत्रदान एक पुनीत कार्य है, जो जन सहयोग से समाज में जागरुकता लाकर ही किया जा सकता है। एक व्यक्ति के नेत्रदान से दो दृष्टिहीन को दृष्टि मिलती है। शासन ने नेत्रदान प्रक्रिया को घोषणा मुक्त कर दिया है। नेत्रदाता बिना घोषणा पत्र नहीं भरे नेत्रदान कर सकता है। नेत्रदाता के परिजन मृत्यु उपरांत नेत्रदान करवा सकते हैं। नेत्रदान कि प्रक्रिया अत्यंत सरल है। नेत्रदान उपरांत कोई भी विकृति नहीं आती है। कोई व्यक्ति की मृत्यु होने पर मृत्यु उपरांत परिजन अगर नेत्रदान करना चाहते हैं तो जिले के सभी विकासखंड में ब्लॉक नेत्रदान अधिकारी व अधीनस्थ स्वास्थ्य केन्द्र के नेत्ररोग विभाग में नेत्र चिकित्सा सहा.अधिकारियों से संपर्क किया जा सकता है।

# रिसर्च पेपर राइटिंग एंड पब्लिकेशन एथिक्स तथा रोल ऑफ प्लेगिरिज्म इन एकेडमिक राइटिंग पर हुई कार्यशाला

- पीजी कॉलेज कुरुद में हुआ आयोजन, प्राचार्य ने बताया रिसर्च एवं इनोवेशन में अंतर

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

नई शिक्षा नीति में रिसर्च पर विशेष जोर दिया गया है। रिसर्च एवं इनोवेशन में अंतर होता है। रिसर्च में शोधकर्ता पूर्व में किये गए शोधकार्य को आगे बढ़ाता है, जबकि इनोवेशन में वह किसी नई चीज का आविष्कार करता है। यह बातें संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य ए.के. मिश्रा ने कहीं

संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर तथा राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद नई दिल्ली के सहयोग से रिसर्च पेपर राइटिंग एंड पब्लिकेशन एथिक्स तथा रोल ऑफ प्लेगिरिज्म इन एकेडमिक राइटिंग विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को शोध कार्य हेतु प्रेरित करना तथा शोध-पत्रिका के लेखन एवं प्रकाशन से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं एवं बारीकियों से अवगत कराना था। प्रोफेसर केशवकांत साहू ने कहा कि रिसर्च शब्द फ्रेंच वर्ड रिकर्चर से आया है जिसका शाब्दिक अर्थ पुनः खोज करना है। उन्होंने रिसर्च पेपर की संरचना, उसके प्रकार, रिसर्च पेपर लिखने की आवश्यकता, प्रकाशन की प्रक्रिया, अच्छे रिसर्च पेपर के गुण, संदर्भ एवं साइटेशन लेखन तथा प्रकाशन की त्रुटियों को विस्तार से बताया।



कार्यक्रम का संचालन सुश्री चित्रमणि श्रीमाली सहायक प्राध्यापक प्राणीशास्त्र ने किया।

**साहित्यिक चोरी से बचे**

डॉ सुपर्ण सेन गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को सचेत करते हुए कहा कि हमें कॉपी पेस्ट की परंपरा को बिल्कुल भी नहीं अपनाना चाहिए एवं साहित्यिक चोरी से बचकर रहना चाहिए। उन्होंने साहित्यिक चोरी को पहचानने एवं उससे बचने के उपायों के बारे में बताया।

आभार प्रदर्शन डॉ हितनारायण टण्डन सहायक प्राध्यापक प्राणीशास्त्र ने किया।

इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष भोजराज चंद्राकर, सदस्य अनुराधा साहू सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. आर. के पाण्डे, एम एस साहू, डॉ एन.के. मेश्राम, राकेश कुमार सोनकर, पवन कुमार ताम्रकार, अमित टण्डन, रेणु पाटले, कृपाराम साहू, शिबा वंजारी, हरिराम साहू, कौस्तुभ तिवारी, लीना दिली एवं विजय कुमार आदि उपस्थित थे।

# छाती में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की शाखा खोलने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭पुरी

आसपास के किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए छाती सहकारी समिति अध्यक्ष ललित साहू ने ग्राम छाती में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की शाखा खोलने की मांग की है।

ग्राम छाती के सहकारी समिति में चना खरीदी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि भी पहुंचे थे। उनके समक्ष ग्रामीणों की ओर से मांग रखते हुए सहकारी समिति अध्यक्ष ललित सिन्हा ने छाती में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की शाखा खोलने का प्रस्ताव रखा। जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव को लिखित मांग पत्र सौंपते हुए उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा निरंतर बैंक की शााखा की मांग की जा रही है। पूर्व में भी पदाधिकारियों ने इसकी मांग रखी थी। यदि छाती में जिला सरकारी बैंक रायपुर की नवीन शाखा खुलती है, तो हजारों किसानों को सुविधा मिलेगी।

# पीएम आवास प्लस 2 में छूटे हुए हितग्राहियों की 30 अप्रैल तक सर्वे पोर्टल में होगी एंट्री

- प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं संचालक ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला पंचायत धमतरी में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से श्रीमती निहारिका बारिक प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं रजत बंसल संचालक प्र.म.आ.यो.ग्रा की अध्यक्षता में की गई। समीक्षा में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, सीईओ सुश्री रोमा श्रीवास्तव, कार्यपालन अभियंता एवं अनुविभागीय अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।





वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रमुख सचिव ने निर्देशित किया कि वर्ष 2024-25 में जिले को प्राप्त आवास लक्ष्य 21875 में से 18775 आवासों की स्वीकृति दी जा चुकी है, शेष आवासों की स्वीकृति समयानुसार किये जाने आदेशित किया गया। 30 मार्च तक जिले को अधिक से अधिक आवास पूर्ण कर वृहद स्तर पर गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित कराने के भी निर्देश दिये गये।

विदित हो कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रथम चरण के स्वीकृत 8874 आवासों में जिले द्वारा 3950 आवास पूर्ण कर लिया गया है। जनमन अंतर्गत लक्षित 1281 आवासों में 752 आवास पूर्ण हो चुके हैं जो कि लक्ष्य का 58.70 प्रतिशत है। धमतरी जिले में अच्छी प्रगति को देखते हुए एवं अन्य जिलों को प्रोत्साहित करने के लिए धमतरी की तर्ज पर नवाचार कर प्रगति बढ़ाने के निर्देश प्रमुख सचिव ने दिये। वहीं वर्तमान में चल रहे आवास प्लस 2.0 में छूटे पात्र हितग्राहियों का सर्वे पोर्टल में 30 अप्रैल तक एन्ट्री करने के निर्देश दिये गये। आवास प्लस 2.0 में 20 मार्च तक कुल 1567 हितग्राहियों का सर्वे किया गया है जो कि शत-प्रतिशत नहीं है, अतः सर्वे में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये गये। वर्तमान में सचिवों के हड़ताल में होने के कारण सर्वे कार्य में रोजगार सहायकों को संलग्न किये जाने के निर्देश दिए गए।

# गैलेक्सी स्कूल के पूर्व छात्र का सेना में चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

गैलेक्सी सीनियर सेकेंडरी स्कूल मगरलोड के पूर्व छात्र हानेश कुमार पिता खूबलाल साहू का इंडियन आर्मी में चयन हुआ है।

उनकी इस उपलब्धि पर प्राचार्य देवघर सिन्हा, राकेश कुमार निषाद, श्यामलाल साहू, फुलेश्वर पटेल, गौतम साहू, खोमन राम ध्रुव, श्रीमती मीरा साहू समेत अनेक लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# सिवनीकला में पंचायत प्रतिनिधियों ने लिया बुजुर्गों से आशीर्वाद







हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम पंचायत सिवनीकला में पंचायत प्रतिनिधियों ने गांव के बुजुर्गों बुजुर्गों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित कर उनका आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में सरपंच लता जीतेश्वर ध्रुव, उपसरपंच दीपदान साहू, जनपद सदस्य टेकराम साहू एवं पंचगण शामिल रहे। इस दौरान टिकेश्वर चंद्राकर, सुशील साहू पूर्व सभापति जपं कुरूद, विक्रम साहू, डा.सुरेश तारक, चंद्रप्रकाश साहू, कुंजीलाल साहू, निर्मल पाल, खिलावन चंद्राकर, सुरेश साहू, दिलीप साहू, डा. कपिल पटेल, पुरूषोत्तम पटेल, डीलेंद्र यादव, डीहु साहू, दिलेश्वर साहू, ललित पटेल, बोधन साहू, टीकम साहू, छबि पाल सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari
आनंद उत्सव
जियो पेट्रोल पंप के सामने, अर्जुनी, रायपुर रोड, धमतरी
संपर्क करें : परमानन्द सिन्हा 9560298043, 8178069165
पारिवारिक मांगलिक कार्य - विवाह, सगाई, जन्मदिन, वर्षगांठ, प्रशिक्षण कार्यक्रम, सेमीनार, प्रदर्शनी एवं कार पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है
विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप



### टमाटर 10 रुपए किलो में बिका

**जगदलपुर।** साप्ताहिक बाजार में रविवार को शहरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र खरीददार पहुंचे। बाजार में टमाटर 10, मटर 60, करेला 60, फूलगोभी 50, भिंडी 60, आलू 30, प्याज 40, अदरक 180, लहसून 250, लालभाजी, पालकभाजी, मैथी 20 रूपए में 12 जूड़ी बिक रहा है। सब्जियां सस्ते होने से बाजार में भीड़ अधिक रही।

### परामर्शदात्री एवं पुनरीक्षण समिति की हुई बैठक

**जगदलपुर।** वित्तीय वर्ष 2024-25 में सितम्बर 2024 एवं दिसम्बर 2024 जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक कलेक्टर हरीश एस. की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में किया गया। बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन, आरबीआई और नाबार्ड के प्रतिनिधि, लीड बैंक अधिकारी जी तिर्की सहित सभी बैंकों के प्रतिनिधि और विभिन्न विभागों जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में गत बैठक की कार्यवाही विवरण में चर्चा किया गया। इसके साथ ही जमा अग्रिम, ऋण जमा अनुपात पर चर्चा, जिलों के बैंकिंग गतिविधियों पर चर्चा, कृषि विभाग, एनआरएलएम (क्रेडिट लिंकेज) मुद्रा योजना, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र,खादी ग्रामोद्योग बार्ड,जिला अंत्यावसायी विभाग पशु पालन विभाग,मत्स्य पालन विभाग, एनयूएलएम, भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सहित अन्य विषयों पर चर्चा किया गया।

### युवा एवं इको क्लब कार्यशाला का आयोजन

**जगदलपुर।** जिले में दो दिवसीय युवा एवं इको क्लब कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त प्रशिक्षण सह कार्यशाला कलेक्टर हरीस एस और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रतीक जैन के निर्देशन में किया गया। इस जिला स्तरीय युवा एवं इको क्लब कार्यशाला के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल और जिला मिशन समन्वयक अखिलेश मिश्रा के द्वारा खण्ड शिक्षा अधिकारियों, खण्ड स्त्रोत समन्वयक एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। जिला स्तरीय युवा एवं इको क्लब कार्यशाला में प्लास्टिक साक्षरता के अंतर्गत प्लास्टिक की उत्पत्ति, इसके विभिन्न प्रकारों, उपयोग और समाज व मानव जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों पर चर्चा की गई। कार्यशाला में विश्व पर्यावरण दिवस पर गौरैया की घटती संख्या, विश्व वन दिवस और विश्व जल दिवस के महत्व पर भी चर्चा की गई। बस्तर जिले के सातों विकासखंडों से आए शिक्षकों ने इसमें सक्रिय भागीदारी निभाई।

### जन्म-मृत्यु पंजीयन प्रक्रिया सरलीकृत

**जगदलपुर।** प्रदेश में जन्म-मृत्यु पंजीयन प्रक्रिया को वर्तमान में सरलीकृत किया गया है। जिसके तहत जन्म मृत्यु की घटना जहां जिस जगह पर होती है वहां के पंजीयक संस्था यथा ग्राम पंचायत सचिव, शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी, स्थानीय नगरीय निकाय के प्रभारी द्वारा उक्त पंजीयन संबंधी प्रक्रिया संपादित की जाती है। इसे मद्देनजर रखते हुए जनसाधारण को जन्म-मृत्यु का पंजीयन त्वरित रूप से अर्थात तीन सप्ताह के भीतर अनिवार्यतः करवाना चाहिए। छत्तीसगढ़ में वर्तमान में लागू जन्म-मृत्यु पंजीयन अधिनियम 1969 एवं जन्म-मृत्यु पंजीयन (संशोधन) अधिनियम 2023 पर आधारित जन्म-मृत्यु पंजीयन नियम 2001 के तहत जन्म-मृत्यु पंजीयन किया जा रहा है। अधिनियम के अंतर्गत जन्म मृत्यु पंजीयन को समान एवं अनिवार्य बनाया गया है और पंजीकरण घटना के स्थान पर संबंधित पंजीयक के द्वारा ही किया जाता है। इसके बाद 16 सितम्बर 2014 से पंजीयक जन्म-मृत्यु पंजीयन नियुक्त किया गया है।

---

उमरगांव में हो रही है आयोजन की तैयारी

# चैत्र नवरात्रि महोत्सव में होंगे अष्टभुजी शक्तिपीठ दुर्गा मंदिर में कई अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी





चैत्र नवरात्रि महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन अष्टभुजी शक्तिपीठ दुर्गा मंदिर उमरगांव में किया जा रहा है। माता रानी की कृपा प्राप्ति, गृहस्थ जीवन में शांति, आर्थिक समृद्धि, संतान प्राप्ति, विवाह बाधा निवारण, ग्रहदोष शांति, शत्रु बाधा निवारण, पितृदोष शांति एवं समस्त मनोकामनाओं की पूर्ति हेतु अनुष्टान भी होगा।

आयोजन में श्री विद्या लक्ष्य अर्चन एवं श्रीयंत्र सिद्धि पूजन का विशेष अनुष्ठान किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु अपने विशेष उद्देश्य की पूर्ति हेतु संकल्प लेकर पूजन कर सकते हैं। मंदिर समिति ने बताया कि श्री विद्या लक्ष्य अर्चन देवी महात्रिपुरसुंदरी (ललिता देवी) की विशेष पूजा पद्धति है, जो श्रीयंत्र के माध्यम से संपन्न की जाती है। इसमें श्रीयंत्र के विभिन्न स्तरों पर पुष्प, फल, अक्षत, हल्दी, कुमकुम आदि से देवी की अर्चना की जाती है। जानकारी के अनुसार 30 मार्च को देव आव्हान, वेदी पूजन, घट स्थापना, ज्योति कलश स्थापना। 31 मार्च को श्री विद्या लक्ष्य अर्चन एवं श्रीयंत्र सिद्धि पूजन (गृह क्लेश निवारण, सुख-समृद्धि हेतु)। 1 अप्रैल को पुष्प से अर्चन (रोजगार, व्यापार उन्नति, आर्थिक समृद्धि हेतु)। 2 अप्रैल को फल से अर्चन (संतान प्राप्ति, विद्या प्राप्ति हेतु), पंचमी महाउत्सव एवं छप्पन भोग अर्पण।

3 को अक्षत से अर्चन (विवाह बाधा, रोग निवारण हेतु)। 4 को हल्दी से अर्चन (पितृ दोष, शत्रु बाधा, भूत-प्रेत बाधा निवारण हेतु)। 5 को कुमकुम से अर्चन (सर्व ग्रह बाधा, शत्रु बाधा, राजकीय परेशानी निवारण हेतु)।6 अप्रैल को हवन, पूर्णाहुति, कन्या पूजन, महाप्रसाद वितरण एवं शांतिजल छिड़काव होगा। प्रतिदिन विशेष अनुष्ठान प्रातः 6 से 8 बजे होगा। दुर्गा सप्तशती पाठ प्रातः 8 से 9 बजे तक, नित्य पूजन प्रातः 10 से 12 बजे, जसगीत गायन दोपहर 1 से 4 बजे, श्रीयंत्र सिद्धि पूजन एवं श्री विद्या लक्ष्य अर्चन संध्या 5 बजे होगा।

---

# मानस शक्ति केंद्र कंडेल में होली मिलन की रही धूम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुरी

राज मानस संघ से संबद्ध शक्ति केंद्र कंडेल का होली मिलन उड़ेना में हुआ। ग्रामीण सहित राजमानस संघ के पदाधिकारी एवं मानस शक्ति केंद्र कंडेल के पदाधिकारी, विभिन्न मंडलियों के मानसप्रेमी उपस्थित रहे। पारंपरिक वाद्य यंत्र नगाड़ा के साथ फूलों और गुलाल से होली खेली गई। बीच-बीच में पदाधिकारीयों का स्वागत सम्मान एवं उद्बोधन हुआ। उपस्थित अतिथियों ने होली के बारे में विचार व्यक्त किए।

### कन्या शाला में कराया न्योता भोज

**अंवरी।** वरिष्ठ पत्रकार मेहत्तर राम साहू ने अपनी पोती गंगा का जन्मदिन कन्या शाला भखारा में मनाया। इस अवसर पर कन्या शाला की छात्राओं को न्योता भोज के रूप में खीर-पूड़ी, केला एवं टमाटर चटनी खिलाई। उषा साहू प्रधानपाठक, शिक्षक अमजत खान, रूद्रप्रताप पुरी एवं लिकेश साहू ने गंगा साहू के उज्जवल भविष्य की कामना की।

---

# जल वंदन कर लिया पानी बचाने का संकल्प

- विश्व जल दिवस पर पूरे जिले में हुए कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



विश्व जल दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण गतिविधि धमतरी द्वारा जल वंदन का कार्यक्रम किया गया, जिसमें लोगों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया।

दुनिया 70 फीसदी जल से घिरी है, वहीं पीने योग्य ताजा पानी महज तीन फीसदी ही है। जनसंख्या वृद्धि, शहरीकरण और तेजी से बढ़ रही फैक्ट्रियों के कारण जल के स्त्रोत प्रभावित हो रहे हैं। व्यक्तिगत तौर पर भी लोग पानी की बर्बादी कर रहे हैं। इससे स्वच्छ जल की मांग बढ़ रही है और पूर्ति बाधित हो रही है।जल प्रदूषण रोकने, जल के महत्व को समझाने और जल संरक्षण के उद्देश्य से हर साल 22 मार्च को वैश्विक स्तर पर जल दिवस मनाया जाता है। इसी के तहत जल वंदन कर जल बचाने हेतु संकल्प लिया गया। यह कार्यक्रम पूरे जिले में आयोजित हुआ। धमतरी के आमातालाब, करेली बड़ी, सांकरा, नगरी, कुरूद, मुनाईकेरा एवं अन्य स्थानों पर जल वंदन कार्यक्रम किया गया, जिसमें स्वयं सेवक ने अपने घरों में जल वंदन कर जल संरक्षण करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सागर निर्मलकर, दानी राम सिन्हा, सुरेश गुप्ता, विजय ठाकुर, रूपेश निर्मलकर, नोहर देवांगन,धनेश्वर निर्मलकर, कुमलेश साहू, चोवा निषाद, कान्हा साहू, दाऊ साहू, मोती लाल दिवाकर, लक्ष्मीकांत दिवाकर, महेंद्र नेताम, मोहन साहू, पुरुषोत्तम निषाद, शैलेष चंद्राकर, लोकेश कुंजाम एवं भेदू प्रसाद साहू पर्यावरण संरक्षण गतिविधि धमतरी के जिला संयोजक सम्मिलित हुए।

---

# सिद्धेश्वरनाथ महादेव सेवा समिति ने कलेक्टर से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





रायपुर रोड स्थित श्री सिद्धेश्वर नाथ महादेव मंदिर सेवा समिति के पदाधिकारियों व भक्त मण्डल ने कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से भेंट कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। कलेक्टर ने शहर में हर रचनात्मक कार्यों में अपनी सहभागिता देने की बात कही। समिति ने कलेक्टर को पुष्पगुच्छ, रूद्राक्षमाला व बाबा सिद्धेश्वर नाथ की छायाचित्र भेंट की। इस दौरान मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रकांत त्रिवेदी, विक्रांत शर्मा, अध्यक्ष सुभाष शर्मा, महासचिव पीयूष पाण्डेय, मुख्य पुजारी पंडित हर्ष तिवारी, राजेन्द्र श्रोती, भूपेन्द्र मिश्रा, अयोध्या पाण्डेय, राजेन्द्र शर्मा उपस्थित थे।

---

# ग्रामीणों के विश्वास को विकास में बदलेंगे : अरुण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगरी विकासखण्ड अंतिम छोर में बसे ग्राम पंचायत मेचका, सोंढूर, ठेन्ही में जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा का ग्रामीणों ने स्वागत किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के निराकरण और जनहितकारी कार्यों की मांग रखी।

जिपं अध्यक्ष श्री सार्वा ने चुनाव जीत के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र की हर समस्या का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। विकास कार्य तेजी किया जाएगा। ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं की ओर उनका का ध्यान आकृष्ट कराया। श्री सार्वा ने कहा कि वे जल्द ही संबंधित विभागों से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

---

# छत्तीसगढ़ स्वर्णकार समाज ने मनाई रंगपंचमी, नगाड़े की थाप पर खूब थिरके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- महापौर, सभापति, पार्षदों का किया सम्मान



छत्तीसगढ़ी स्वर्णकार समाज धमतरी एवं स्वर्णकार महिला समूह द्वारा रंगपंचमी पर फूलों की होली खेली गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू जगदीश रोहरा, सभापति कौशिल्या देवांगन व पार्षदगण कोमल सार्वा, कुलेश सोनी, हिमानी साहू, विभा चंद्राकर थे। मंच पर समाज के अध्यक्ष नंदकिशोर सोनी, पूर्व अध्यक्ष भरत सोनी, सरंक्षक मन्नूलाल सोनी थे।

स्थानीय छत्तीसगढ़ी स्वर्णकार समाज भवन ब्राम्हणपारा में स्वर्णकार समाज का होली मिलन एवं सम्मान समारोह संपन्न हुआ। अतिथियों ने श्रीकृष्णजी की प्रतिमा की पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पार्षद कोमल सार्वा ने समाज के किसी भी कार्य के लिए खुले दिल से सहयोग करने की बात कही। सभापति श्रीमती कौशिल्या देवांगन एवं पार्षद कुलेश सोनी ने समाज के लोगों को एकजुटता एवं सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष नंदकिशोर सोनी ने कहा कि समाज के ऐसे कार्यक्रमों में सभी की उपस्थिति अनिवार्य होनी चाहिए। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा ने समाज के लोगों को शासकीय सुविधाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। महापौर बनने के पश्चात स्वर्णकार समाज ने होली मिलन में सबसे पहले मुझे आमंत्रित किया। आगे कहा कि समाज के लिए जो भी आवश्यकता होगी, उसे मैं पूरा करने प्रयास करूंगा। इस दौरान महापौर रामू रोहरा, सभापति श्रीमती कौशिल्या देवांगन, पार्षदगण कोमल सार्वा एवं कुलेश सोनी को स्मृति चिन्ह समाज के नंदकिशोर सोनी, कमलेश सोनी, राजेन्द्र सोनी, अन्नू सोनी, डाली सोनी ने प्रदान किया। तत्पश्चात सभी ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर नगाड़े की थाप पर नृत्य करते हुए फूलों की होली खेली। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र सोनी एवं आभार प्रदर्शन डॉली सोनी ने किया। मौके पर कमलेश सोनी, राजेन्द्र सोनी, बाली सोनी, दिनेश सोनी, निलेश सोनी, घनाराम सोनी, राजेन्द्र अखिलेश, विजय सोनी, डॉ. भूपेन्द्र सोनी, कन्हैया सोनी, छबिन्द्र सोनी, दिलीप सोनी, पप्पू सोनी, राजू शिरोमणी, शिव सोनी, चंद्रकुमार सोनी, गुड्डू सोनी, घनश्याम सोनी, डॉली सोनी, रीता सोनी, ऊषा सोनी, सरला सोनी, राजकुमारी सोनी, सुनीता सोनी, गीता सोनी, रोशनी सोनी, शीला सोनी, पार्वती सोनी, माधुरी सोनी, पद्मिनी सोनी, कुमुद सोनी सहित समाजजन मौजूद थे।

---

# छाती में मनेगी मां कर्मा की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुरी

जिला साहू समाज धमतरी के निर्देशानुसार पूरे जिले में एक साथ कर्मा जयंती मनाने का निर्देश ग्रामीण साहू समाज छाती को प्राप्त हुआ है। इसी तारतम्य में ग्रामीण साहू समाज की बैठक आहूत की गई, जिसमें 25 मार्च को धूमधाम के साथ कर्मा जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह जानकारी नरेंद्र साहू ने दी है।

### पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ



**धमतरी।** पेंशनर एसोसिएशन के प्रांतीय महामंत्री यशवंत देवान ने बताया कि एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। 11 मार्च को मतदाता सूची जमा की गई। 20 मार्च को मतदाता सूची रिलीज हुई, 29 मार्च को प्रातांध्यक्ष के लिए नामांकन जमा किया जाएगा, 13 अप्रैल को सभी तहसील मुख्यालय में मतदान होगा। श्री देवान ने बताया कि पूरे प्रदेश में एसोसिएशन के सदस्यों की संख्या 8456 है, जो मतदान में भाग लेंगे। 15 अप्रैल को मतगणना एवं निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा होगी।

---

# सर्व हिन्दू समाज ने मनाया होली मिलन, खूब उड़े रंग गुलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी






सर्व हिन्दू समाज द्वारा गुरूवार को मठ मंदिर में होली मिलन कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। गुलाल लगाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। संगठन की एकता पर जोर दिया गया। जानकी वल्लभगिरी ने कहा कि हिन्दू समाज द्वारा जो बात कही जाती है उसका पालन करना चाहिए। जब हम एक नहीं होते हैं तो लोग कहते हैं कि हिन्दू एक नहीं हो सकते। सिख समाज के हरजिंदर छाबड़ा ने कहा कि पिछले तीन साल से यह संगठन सभी हिन्दू समाज को एक मंच में लाने का प्रयास कर रहा है। सत्यनारायण राठी ने कहा कि देश में सनातनी को जागाना है। यदि हिन्दू एक रहेंगे तो देश सुरक्षित रहेगा। निर्मल बरड़िया ने कहा कि सर्व हिन्दू समाज सिर्फ एक बैनर ही नहीं है, यह एकता का प्रतीक भी है। सिंधी समाज के चंदू जसवानी ने कहा कि सर्व हिन्दू समाज संगठन ने हमेशा ही लोगों को जागरूक किया है। सर्व हिन्दू समाज के अध्यक्ष दीपक लखोटिया ने कहा कि संगठन के लिए सभी ने अपना बहुमूल्य समय निकाला। यह एकता का परिचायक है।

इस दौरान नंदू जसवानी, पवन अग्रवाल, सुबोध राठी, अवनेन्द्र साहू, यशवंत साहू, वरूण राय, दिलीपराज सोनी, चंदू जसवानी, संतोष तेजवानी, दयाराम अग्रवाल, बिहारीलाल अग्रवाल, मनसुख अग्रवाल, मदन गोयल, अनंत दीक्षित, दीपक ठाकुर, रामचंद देवांगन, विक्रांत शर्मा, दिनेश पटवा, ओमप्रकाश महावर, नर्मदा प्रसाद जगबेहड़ा, अमित अग्रवाल, नरेंद्र जायसवाल, महेंद्र खंडेलवाल, कीर्ति शाह, राकेश दीवान, महेश मारकंडेय, लक्ष्मीनारायण साहू, रोहित देवागंन, संजय डागौर, संतोष सिन्हा, दिलीप पटेल, शगुन पटेल, डबलू सिंह, भरत सोनी, लक्ष्मण साहू, संतोष सोनकर, राजू सोनकर, धनेश्वर यादव, मोहित सेन, नील पटेल, चंद्रकला पटेल, सरोज देवांगन, ईश्वरी पटवा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।



---

# युवा सीखेंगे बिजली के सामानों का मरम्मत कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- बड़ौदा आरसेटी में 27 मार्च तक लिए जाएंगे आवेदन

स्वरोजगार करने के इच्छुक गांव के बेरोजगार युवा बिजली के सामानों की मरम्मत करना सीखेंगे। इसके लिए उन्हें इलेक्ट्रिक मोटर रिवाइंडिंग और मरम्मत की निःशुल्क ट्रेनिंग मिलेगी। ट्रेनिंग अवधि में रहने की सुविधा के साथ ही 30 दिनों तक चलने वाली इस ट्रेनिंग में 18 से 45 साल तक की आयु के युवा शामिल हो सकते हैं। इसके लिए 35 सीट आरक्षित हैं। निदेशक सुश्री अनिता टुडू ने बताया कि यह ट्रेनिंग लेकर जिले के युवा बिजली के सामानों को सुधारने में हुनरमंद बन सकेंगे।

## खबर संक्षेप

### गट्टासिल्ली साप्ताहिक बाजार की नीलामी 25 को

**नगरी।** बेलरगांव विकासखंड के अंतिम छोर में बसे ग्राम पंचायत गट्टासिल्ली में सोमवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार की नीलामी 25 मार्च को ग्राम पंचायत भवन में होगी। यह जानकारी सरपंच रामकुमार सामरथ ने दी है।

### पीजी कालेज के चार एनसीसी कैडेटों का अग्निवीर में चयन



**धमतरी।** बीसीएस शासकीय महाविद्यालय के 4 एनसीसी कैडेट का चयन अग्निवीर में हुआ है। प्रभारी प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक के निर्देशन एवं एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट दिनेश्वर सलाम के मार्गदर्शन में एनसीसी कैडेटों का चयन अग्निवीर में चयनित हुआ है। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट दिनेश्वर सलाम ने बताया कि कैडेट्स जीवित कुमार, शिवराम, होरीलाल, खिलेश्वर ने पढ़ाई के साथ-साथ सोशल वर्क सहित एनसीसी की सभी गतिविधियों में विशेष पहचान बनाई है। इसी का परिणाम है कि इन कैडेटों का चयन अग्निवीर में हुआ है। इस उपलब्धि पर डॉ. हेमवती ठाकुर, डॉ.प्रभा वेरुलकर, प्रो. ग्रेस खजूर, प्रो. सीमा साहू, प्रो. कोमल प्रसाद, डॉ. गायत्री लहरे, डॉ. दुर्गेश प्रसाद, डॉ.राकेश, कुमार साहू प्रो. अमित साहू, प्रो. अमरसिंह साहू, डॉ.सपना, ताम्रकार सहित महाविद्यालयीन स्टाफ ने हर्ष जताया है।

### भाजपा सरकार कानून व्यवस्था को सम्हालने में विफल : ओंकार



**धमतरी।** विधायक ओंकार साहू ने धमतरी समेत प्रदेश में बढ़ती सूखा नशा की तस्करी व बिगड़ती कानून व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि धमतरी जिले में रोज लूट-पाट, चाकूबाजी व हत्या जैसी गंभीर घटना हो रही है। शहर में गांजा के बाद अब हीरोइन जैसे मादक पदार्थ की तस्करी यह साबित करने के लिये पर्याप्त है कि आपराधिक घटना को रोक पाना भाजपा सरकार के गृहमंत्री विजय शर्मा के बस की बात नहीं है। लचर कानून व्यवस्था और पुलिस की निष्क्रियता के चलते सूखा नशे की समस्या शहर में विकराल रूप ले रही है। आगे कहा कि भाजपा सरकार अपराधियों को संरक्षण देने व युवाओं को नशे में धकेलने वाली सरकार है तभी तो प्रदेश में 67 नई शराब दुकान खोलने जा रही है। भाजपा छत्तीसगढ़ के युवाओं को नशे की लत में ले जाना चाहती है। भाजपा सरकार कानून व्यवस्था को सम्हालने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमरा गई है। भाजपाराज में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025,
25 जुलाई से 05 अगस्त (सावन में) (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

नवसाक्षरों ने कहा; भारत सरकार का यह साक्षरता अभियान हमारे लिए वरदान है

# उल्लास : महापरीक्षा में कुरुद ब्लाक के 4861 नवसाक्षरों ने लिया भाग

**कुरूद।** कहते हैं सीखने, पढ़ने की कोई उम्र नहीं होती है। इस बात को सच कर दिखाया कुरूद के नवसाक्षरों ने। /"उल्लास/" साक्षरता महापरीक्षा उन हजारों लोगों के सपनों को साकार करने का माध्यम बनी है, जिन्होंने शिक्षा पाने की चाह तो रखी थी, लेकिन परिस्थितियों के कारण पीछे रह गए। रविवार को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा व साक्षरता विभाग तथा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें कुरुद विकासखंड के 4861 शिक्षार्थियों ने भाग लिया। इस परीक्षा लिए 136 परीक्षा केंद्र बनाये गये थे। परीक्षा सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक आयोजित हुई, जिसमें 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के अशिक्षित व केवल साक्षर व्यक्तियों को प्राथमिक स्तर की दक्षता वाली शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने सार्थक प्रयास किया गया।







### हम भाग्यशाली हैं जो इस उम्र में भी साक्षर बन पाये

महापरीक्षा अभियान के तहत नवसाक्षर शिक्षार्थियों ने पांच माह की शिक्षा ग्रहण करने के बाद परीक्षा दी और साक्षरता प्राप्त करने पर खुशी जाहिर की। माध्यमिक शाला जोरातराई (सि) की नवसाक्षर रैमुन बाई साहू 65 वर्ष, बिसाहिन बाई साहू 68 वर्ष, बुधराम 70 वर्ष, पेमिन बाई 55 वर्ष, गुहरी यादव 55 वर्ष आदि ने कहा कि हम भाग्यशाली हैं कि इतनी उम्र में भी साक्षर बन पाए। भारत सरकार का यह साक्षरता अभियान हमारे लिए वरदान साबित हुआ है। हम उम्मीद करते हैं कि सरकार इस तरह के कार्यक्रमों से हर व्यक्ति साक्षर बनाए।

### 72 वर्षीय शिक्षार्थी ने भी दी परीक्षा

श्रीमती भोजा बाई 72 वर्ष ने भी परीक्षा में भाग लिया। उन्होंने साक्षर बनने पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके जीवन का महत्वपूर्ण क्षण है। इस अवसर पर शिक्षार्थियों ने अपने स्वयंसेवी शिक्षकों को धन्यवाद दिया, जिन्होंने निःस्वार्थ भाव से शिक्षा देकर उनके जीवन में बदलाव लाया। इस परीक्षा आयोजन ने शिक्षा के महत्व को एक बार फिर साबित किया और यह संदेश दिया कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती।

### 3 घण्टे में हल किया प्रश्नपत्र

महापरीक्षा में शिक्षार्थियों को प्रश्नपत्र हल करने के लिए 3 घंटे का समय दिया गया था। प्रश्नपत्र तीन भागों में विभाजित था, जिसमें पहला भाग: पढ़ाई से संबंधित प्रश्न (50 अंक), दूसरा भाग: लेखन से संबंधित प्रश्न (50 अंक), तीसरा भाग: गणित से संबंधित प्रश्न (50 अंक) के थे, जिसमें अपने दिनभर की घरेलू दिनचर्या, मोबाइल का उपयोग, बीमार होते हैं तो किसके पास जाते हैं, फरवरी माह किस दिन से शुरू व किस दिन से समाप्त हो रहा जैसे प्रश्न पूछे गए थे। एक गद्यांश में माया, स्कूल, घर, बच्चे, अध्यापिका व मित्र कितने बार आया है उसकी संख्या को लिखने को कहा गया था। बता दें कि सभी भाग में कम से कम 20 अंक प्राप्त करने वाले को ही परीक्षा में सफल माना जायेगा। सभी परीक्षार्थियों को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।

## औद्योगिक नगर और प्रोसेसिंग यूनिट लगाने की मांग

- साधन और रोजगार के लिए रोड मैप तैयार करें : युवा वर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अंचल के शिक्षित बेरोजगारों ने निगम की नई सरकार से शहर में औद्योगिक नगर, प्रोसेसिंग यूनिट, फैक्ट्री व अन्य व्यावसायिक परिसर स्थापित करने की मांग की है ताकि क्षेत्र के हजारों नवयुवकों को रोजगार मिल सके। अंचल के बेरोजगारों को रोजगार, स्वरोजगार, साधन, संसाधन की घोषणा के बाद महापौर से काफी उम्मीद है। सरकारी नौकरियों का पद सीमित है। इसलिए प्राइवेट सेक्टरों में रोजगार की संभावनाओं को देखते हुए औद्योगिक नगरी की आवश्यकता है।

शहर के शिक्षित युवा अभिषेक सोनवानी, शैलेन्द्र कहार, नारायण देवांगन, उत्तम देवांगन, लखन साहू, व्यासनारायण पटेल, कोमल साहू ने



बताया कि उनके जैसे हजारों युवा ऐसे हैं, जिनके पास ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट के साथ टेक्निकल एजुकेशन की डिग्री है। कई तो आईटीआई कर सालों से घर में बैठे हैं। सरकारी नौकरी लिमिट में है। उद्योग, कारखाने, प्रोसेसिंग यूनिट के स्थापित होने पर रोजगार मिल सकता है। रोजगार की तलाश में दूसरे जिले या राज्यों में भटकना पड़ता है। विकास और रोजगार के लिए रोडमैप तैयार करने से युवाओं को फायदा होगा। कौशल विकास जैसी योजनाओं का दायरा बढ़ाया जाए।

कलेक्टर ने लू से सावधानी बरतने की अपील की

## लू से बचने खूब पानी पियें, धूप में न निकलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

गर्मी के मौसम में तापमान में वृद्धि के चलते भीषण गर्मी पड़ने तथा



नागरिकों को लू लगने की संभावना है, जिससे आम जनजीवन व स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसे देखते हुए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने लू से बचने के लिए जरूरी सावधानी बरतने की अपील लोगों से की है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है।

### लू से बचाव के उपाय

इसके लिए बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर न जाये। धूप में निकलने से पहले सिर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध ले। पानी अधिक मात्रा में पिये। अधिक समय तक धूप में न रहे। गर्मी के दौरान मुलायम सूती कपड़े पहने ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल पिये। चक्कर, उल्टी आने पर छायादार स्थान पर विश्राम करें।

### लू के लक्षण

सिर में भारीपन और दर्द, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख न लगना व बेहोश होना आदि लक्षण शामिल है।

### क्या करें

भीषण गर्मी में लू से बचाव हेतु पर्याप्त पानी पियें भले ही प्यास न लगे, मिर्गी या हृदय, गुर्दे या लीवर से संभावित रोग वाले जो तरल प्रतिबंधित आहार लेते हो या जिनको द्रव्य प्रतिधारण की समस्या है, उनको तरल सेवन बढ़ाने से पहले डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए। हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहने।

### क्या न करें

धूप में बाहर जाने से बचे, नंगे पांव बाहर न जाए, दोपहर के समय खाना पकाने से बचे, शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय से बचे, ये शरीर को निर्जलित करते हैं। अधिक प्रोटीन वाले भोजन से बचे।

### लू लगने पर किया जाने वाला प्रारंभिक उपचार

बुखार से पीड़ित व्यक्ति के सिर पर ठंडे पानी की पट्टी लगायें, कच्चे आम का पना, जलजीरा आदि दें। पीड़ति व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लिटायें, शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करें।

## संसद घेरने दिल्ली पहुंचे एनएसयूआई कार्यकर्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के आव्हान पर 24 मार्च को दिल्ली में एनएसयूआई द्वारा संसद घेराव किया जाना है, जिसमें देशभर से एनएसयूआई सदस्य शामिल होंगे। धमतरी से भी राजा देवांगन के नेतृत्व में बड़ी संख्या में छात्रों ने दिल्ली कूच किया।

एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने बताया कि यूजीसी के नए नियम, एनईपी 2020, शिक्षा के सांप्रदायिककरण के विरोध और पेपर लीक और बढ़ती बेरोजगारी जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर एनएसयूआई द्वारा संसद का घेराव किया जाना है। एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव व छत्तीसगढ़ प्रभारी आकाश चौधरी एवं एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष नीरज पांडे के निर्देश पर धमतरी से बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता संसद मार्च के लिए दिल्ली रवाना हुए हैं। जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के साथ यश दुबे, नमन बंजारे, अरविन्द यादव, लक्की निर्मलकर, तेजप्रकाश साहू, तामेश्वर भोयर, व्यंकट देवांगन, कृष्णा लहरे, रुस्तम कुर्रे, सौरभ पॉल, देवेंद्र सिन्हा, आदित्य बघेल, सुनील सिन्हा, लक्की साहू, योगेश नेताम सहित दर्जनों की संख्या में दिल्ली में प्रदर्शन करेंगे।

## अनूठी मिसाल : बछिया जन्मोत्सव, कार्ड बांटे, प्रीतिभोज कराया

- सत्यनारायण कथा कराकर गाय व बछिया का श्रृंगार किया







हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सोरिद निवासी बाबूलाल सिन्हा ने अपने पालतू बछिया की जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। उन्होंने तीन सौ रिश्तेदारों, ईष्टमित्रों को आमंत्रण पत्र देकर बुलाया। बछिया के नामकरण पर सत्यनारायण की कथा कराई और डीजे बजाकर लोगों को प्रीतिभोज कराया।

उन्होंने घर के सामने बड़ा सा पंडाल लगाया। बाबूलाल ने बताया कि तीन साल पहले जब वे कहीं जा रहे थे, वहां पर कुछ कुत्ते दौड़ाकर एक गाय को काट रहे थे। उन्होंने कुत्ते के झुंड को भगाया और जख्मी हालत में गाय को अपने घर में लाकर इलाज कराया। ठीक होने के बाद अपने घर में ही रखा। प्यार से उस गाय का नाम परिवार के लोगों ने लक्ष्मी रख दिया। लक्ष्मी ने तीन माह पहले एक बछिया को जन्म दिया। बछिया जन्म से अपंग जैसी थी। उसके तीन पैर चलने के लायक नहीं थे। उन्होंने डाक्टर से इलाज व आपरेशन कराया। इस बछिया का नाम उन्होंने राधिका रखा है। राधिका उनके घर की लाडली बन गई है। उसे घर के एक अलग कमरे में रखकर पालन कर रहे हैं। उसे चोकर, पशु आहार के अलावा रोटी, चावल खिलाते हैं। बाबूलाल के परिवार में चार सदस्य हैं। पर वे लक्ष्मी और राधिका को जोड़कर 6 बताते हैं। उन्होंने कहा कि गाय लक्ष्मी से उन्हें प्रेरणा मिली और आसपास के गाय सुबह उनके घर आते हैं। वे उन्हें चारा आदि खिलाते हैं। बाबूलाल के मित्र बार-बार पूछते थे कि बछिया राधिका का जन्मोत्सव कब मना रहे हैं। उन्होंने रविवार 23 मार्च की तारीख तय की और बाकायदा तीन सौ कार्ड छपवाकर रिश्ते-नातेदारों तक निमंत्रण भिजवाया। सुबह से रात तक उनके घर में जन्मोत्सव का कार्यक्रम चला। बाबूलाल की पत्नी संतोषी सिन्हा कहती हैं कि लक्ष्मी और राधिका के लिए घर में एक सदस्य की तरह व्यवस्था है।

## विश्व जल दिवस पर अरूण ने लिया जल संरक्षण का संकल्प



- अपने पैतृक मंडल तालाब में की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

जिपं अध्यक्ष अरूण सार्वा ने विश्व जल दिवस पर जल संरक्षण और जल प्रदूषण रोकने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उन्होंने स्कूल पारा में मंडल तालाब की पूजा-अर्चना की और जल की महत्ता को समझाते हुए लोगों को जागरूक किया।

श्री सार्वा ने कहा कि जल हमारे जीवन का आधार है और इसे बचाने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे पानी को बर्बाद न करें और स्वच्छ जल के महत्व को समझें, लोगों से जल संरक्षण और जल शुद्धता के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ जल और स्वस्थ जीवन के लिए हमें आज ही जल संरक्षण का संकल्प लेना होगा। मंडल तालाब की पूजा अर्चना के दौरान पं. रविशंकर दुबे, सोनी साहू, प्रेमलता नागवंशी जनपद सदस्य, सुलोचना साहू जनपद सदस्य, शशि ध्रुव पूर्व सरपंच, राजेश गोसाई जनपद सदस्य, मोतीलाल दिवाकर, महेश साहू, बलदाऊ यादव सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## मां शीतला को जलाभिषेक करने श्रद्धालुओं की रही भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शीतला अष्टमी के अवसर पर मां शीतला को सहस्त्रधारा अखंड जलाभिषेक आचार्यजनों के निरंतर मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ रही। जलाभिषेक का कार्यक्रम शाम 6 बजे तक निरंतर जारी रहा।

धीवर समाज के महासंरक्षक परमेश्वर फूटान, अध्यक्ष नर्मदाप्रसाद जगबेड़हा ने बताया कि मां शीतला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता की अधिष्ठात्री देवी हैं। मां शीतला को जल अर्पण करने से विभिन्न रोगों से सुरक्षा मिलती है। धमतरी नगर के जन के कल्याण के लिए आयोजन किया गया। शाम 6.30 बजे माता का श्रृंगार, 7 बजे हवन, महाआरती के बाद प्रसादी का वितरण किया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## वित्तीय जागरुकता की कमी से लोग हो रहे ठगी के शिकार



- समर्पित संस्था ने किया कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

बैंक से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है कि वह अपने जमा धन व निवेश की जानकारी बैंक प्रबंधन से प्राप्त कर सकता है और यदि बैंक प्रबंधन जानकारी नहीं देता है तो तत्काल बैंकिंग लोकपाल से संपर्क किया जा सकता है।

रिजर्व बैंक द्वारा जमाकर्ता शिक्षा व जागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी के तहत समर्पित संस्था द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शनिवार को ग्राम लिमतरा के सामुदायिक भवन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बैंक उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों एवं उनके हितार्थ वित्तीय योजनाओं के प्रति जागरुक करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लिमतरा सरपंच श्रीमती भुनेश्वरी साहू व पूर्व सरपंच श्रीमती फगेश्वरी साहू थे। श्रीमती भुनेश्वरी साहू ने कहा कि वित्तीय शिक्षा वर्तमान समय की आवश्यकता है, क्योंकि वित्तीय समझ से व्यक्ति अपने व परिवार की आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ कर सकता है। समर्पित संस्था के अध्यक्ष डॉ.संदीप शर्मा ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंक से जुड़े उपभोक्ताओं परेशानियों को देखते हुये उन्हें जागरुक करने के लिये जमाकर्ता शिक्षा और जागरुकता कार्यक्रम की शुरुआत की है। उन्होंने बताया कि जमाकर्ता अपने अधिकार और वित्तीय शिक्षा के प्रति अज्ञानता के कारण ही लगातार चिटफंड कंपनी, आनलाइन शॉपिंग, साइबर क्राइम जैसे माध्यमों से ठगी का शिकार हो रहे हैं।

इस कार्यशाला के माध्यम से बैंक उपभोक्ताओं को जागरुक बनाया जा रहा है। कार्यशाला में ग्राम लिमतरा की एस. एच. जी. महिलाओं को शामिल किया गया है, ताकि वित्तीय शिक्षा का प्रचार प्रसार जमीनी स्तर पर हो सके। डॉ. शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम के लिये भारतीय रिजर्व बैंक ने पूरे देश से 20 संस्थाओं का चयन किया है। इसमें से से समर्पित संस्था एक है। छत्तीसगढ़ से मात्र समर्पित संस्स्था का ही चयन हुआ है।

कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर हितेश मिश्रा ने बैंक खाता खुलवाने, उसका संचालन, बचत योजनाएं, वित का प्रबंधन, के.वाय.सी. प्रक्रिया, बैंक ऋण, ऋण संबंधित उपभोक्ताओं के अधिकार, जमाकर्ताओं के अधिकार, बैंकिंग लोकपाल, चिटफंड कंपनियां, नान बैंकिंग फाइनेंस कंपनी सहित देश की वर्तमान वित्तीय स्थिति व नोटबंदी के आगामी सकारात्मक परिणामों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला का संचालन ज्योति सिंह ने किया। कार्यक्रम में समर्पित संस्था के समन्वयक. पी.एल. खैरवार, निमेष साहू, अज़ीम हैदर, मधुबाला यदु, देवदत्त पटेल अनिकेत गुप्ता, उमाशंकर पाल आदि का योगदान रहा।

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं-
स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020